हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–06 : जौनपुर, मंगलवार 23 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पशु परिवहन पर रोक : लंपी वायरस से निपटने हेतु मिशन मोड पर काम करेगी सरकार

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लंपी वायरस के खतरे को देखते हुए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने इसके लिए वृहद टीकाकरण अभियान चलाने की बात कही है। इसके अलावा, उन्होंने अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में उच्चस्तरीय बैठक में कोविड संक्रमण, लंपी वायरस से बचाव और महिला व बाल अपराधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गोवंश पर लंपी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशुमेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। टीके की उपलब्धता के लिए भारत सरकार से भी सहयोग प्राप्त होगा। यह मक्खी और मच्छर से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। संक्रमित पशु की मृत्यु की दशा में अंतिम क्रिया पूरे मेडिकल प्रोटोकॉल का साथ कराया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो। यूपी में नियंत्रण में है कोरोना संक्रमण मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट और ट्रीटमेंट और टीकाकरण की रणनीति के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोरोना



संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण के टीके की 'अमृत डोज' (बूस्टरधप्रिकॉशन डोज) दी जा रही है। साप्ताहिक वृहद बूस्टर डोज अभियान का आयोजन सफल हो रहा है। पिछले रविवार 19 लाख से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज का लाभ लिया। अब तक हमने 02 करोड़ से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज लगवा लिया है। इसमें और तेजी की जरूरत है। कोविड की दैनिक पॉजिटिविटी दर में गिरावट देखने को मिल रही है। एक सप्ताह पूर्व तक जो दैनिक पॉजिटिविटी दर 1.6 प्रतिशत की हो गई थी, विगत दिवस 0.8 प्रतिशत दर्ज की गई। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 4463 है। इनमें 4101 लोग घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। विगत 24 घंटों में 68 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 561 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 388 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। उन्होंने कहा कि बरसात के इस मौसम में अनेक बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। अस्पतालों में दैनिक ओपीडी के रिकार्ड बताते हैं कि वायरल व मौसमी बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल सभी सरकारी अस्पतालों, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति, जांच उपकरणों की कार्यशीलता की जांच कर ली जाए। डॉक्टर समय से ओपीडी में बैठें। कहीं से भी कोई शिकायत मिले तो तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाए।

## प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अन्तर्गत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु किया जायेगा YET 2022 का आयोजन

जौनपुर (सू0वि0)– जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्या ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, शास्त्री नगर, नई दिल्ली के पत्र द्वारा प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अन्तर्गत YET 2022 का आयोजन निर्धारित टाप क्लास स्कूल सार्वजनिक (केन्द्रीय/राज्य/स्थानीय निकाय) या सहायता प्राप्त स्कूल या निजी स्कूलों की कक्षा 09 और कक्षा 11 में पढ़ने वाले ओबीसी, ईबीसी, और डीएनटी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिये किया जायेगा। केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने शैक्षिक सत्र 2021–22 में 8वीं/10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है, वे परीक्षा में आवेदन करने/उपस्थित होने के पात्र हैं। परीक्षा का आयोजन वाईईटी–2022 कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में आयोजित कराया जायेगा। परीक्षा में बैठने के आवश्यक पात्रता हेतु आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए, उसे ओबीसी या ईबीसी या डीएनटी श्रेणी से सम्बन्धित होना चाहिए, उन्हें टाप क्लास स्कूल में अध्ययनरत् होना चाहिए, उन्हें 2021–22 में कक्षा 8 या कक्षा 10 (यथा संदर्भित) उत्तीर्ण होना चाहिए, माता–पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से आय रु0 2.5 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, लड़के एवं लड़कियॉ दोनों आवेदन करने के पात्र हैं। लड़कियों के लिए आवश्यक पात्रता लड़कों के समान ही है। यह परीक्षा 11 सितम्बर 2022 को आयोजित की जायेगी। उक्त योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 के लिये रु0 75,000–00 एवं कक्षा 11 के लिये रु0 1,25,000–00 अवार्ड के रूप में दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट https%//yet.nta.ac.in पर विजिट कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जनपद जौनपुर के टाप क्लास स्कूल सार्वजनिक (केन्द्रीय/राज्य/स्थानीय निकाय) या सहायता प्राप्त स्कूल या निजी स्कूल हो सकते हैं। इन स्कूलों में कक्षा 09 एवं 11 में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञप्ति के क्रम में ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्रों को PM Young Achievers Scholarship Award Scheme के अन्तर्गत लाभ हेतु वेबसाइट https%//yet.nta.ac.in पर 26 अगस्त 2022 तक किया जा सकता है।

## पहाड़पुर में एक दर्जन से अधिक पेड़ों का हुआ कटान : टीम को देख भागे लोग

हाथरस ब्यूरो : जिले में अवैध कटान की सूचना पर वन विभाग की टीम सोमवार की दोपहर को डीएफओ डॉ. सीपी सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय वन अधिकारी एसआर ओझा के साथ पहाड़पुर गांव पहुंची। यहां एक खेत में कुछ लोग पेड़ काटते हुए मिले। टीम को देकर लोग मौके से भाग गए। टीम ने एक दर्जन से अधिक कटे हुए पेड़ की लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना हाथरस जंक्शन में तहरीर वन विभाग ने दी है। उल्लेखनीय है कि हाथरस जंक्शन क्षेत्र में पेड़ कटने की आए दिन सूचनाएं आ रही थी। इसकी खबर सोशल मीडिया तक पहुंच रही थी। वन विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में गंभीरता दिखाई। सोमवार की दोपहर को वन विभाग की टीम पहाड़पुर पहुंचे। टीम को देखकर पेड़ काटने वाले मौके से भाग खड़े हुए। अधिकारियों की नजर उन कर्मियों पर भी जिनकी पेड़ कटान में संलिप्त नजर आ रही है, उनके खिलाफ भी सबूत एकत्रित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। एक व्यक्ति के खिलाफ थाना हाथरस जंक्शन में रिपोट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। इस मामले में क्षेत्रीय वन अधिकारी एसआर ओझा का कहना है कि पहाड़पुर गांव में 13 पेड़ कटे हुए मिले हैं। जिनकी लकड़ी जब्त कर ली है। इस मामले में खिलाफ थाना हाथरस जंक्शन में तहरीर दी है।

## जीएसएम (जनरल सलूट मेंटर्स ) डिफेन्स अकादमी' द्वारा बताए गए सैन्य अधिकारी बनने के गुण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जो भी युवा सैन्य अधिकारी बनने की कामना रखता है उसे ज्ञात होना चाहिए कि लिखित परीक्षा और एसएसबी इंटरव्यू की तैयारी में क्या समानता और अंतर है। आम तौर पर ज्यादातर कैंडिडेट एसएसबी की तैयारी के लिए अपने लिखित परीक्षा के परिणाम का इंतजार करते है। जीएसएम (जनरल सलूट मेंटर्स ) डिफेन्स अकादमी की सलाह यह है की उम्मीदवारों की यह सोच गलत है। उनके एमडी 'ब्रिगेडियर यशपाल सिंह और कौंसलर कर्नल रामेन्द्र सिंह' की सलाह यह है कि, जिस दिन से आपने सैन्य अधिकारी बनने का निर्णय लिया है उसी दिन से सामूहिक तैयारी शुरू हो जानी चाहिए। एसएसबी परीक्षा एक बहुत ही कठिन पड़ाव है' जहा पर एक उम्मीदवार तीन अलग अलग एक्सपर्ट्स द्वारा टेस्ट होता है जैसे की मनोवैज्ञानिक है। इस अकादमी द्वारा ग्रुप प्लानिंग एक्सरसाइज (जीपीई ) की सिखलाई के दौरान हमारे रिपोर्टर को इन सब बातों से अवगत करवाया। इस कार्यवाही में सभी उम्मीदवारों को एक हालत के अनुसार कुछ परिस्थितियां दी जाती है जिस पर ग्रुप द्वारा आपसी तालमेल से सबसे सुचारु हल निकाला जाता है और प्रस्तुत किया जाता है। इस कार्यवाही में उम्मीदवार की कई लीडर जैसी खुबिया बाहर निकल कर आती हैं। ''समय का सदुपयोग'' कर्नल रामेंद्र सिंह, जी एस एम डिफेंस अकादमी लखनऊ, ने



युवाओं के नाम संदेश में एक बहुत महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला। कर्नल रामेंद्र सिंह ने बताया कि युवाओं को समय बरवाद नहीं करना चाहिए। समय एक जीवनावधि है। जो साल के मिलने से बनती है। साल, महीने से, महीने सप्ताह से, सप्ताह दिन से, दिन घंटों से, घंटे मिनट्स से और मिनट सेकंड्स से बनते हैं। सेकंड जीवन मापने की एक बहुत छोटी सी इकाई है। लेकिन आप जीवन में एक व्यतीत हुआ सेकंड वापस नहीं पा सकते हैं। एसएसबी इंटरव्यू में बहुत से टेस्ट आपको सेकंड और सेकंड से कम समय में देने पड़ते हैं। 'चेतावनी' – अगर आप एक सेकंड बरवाद करते हैं तो समझ लीजिए कि आप अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग बरवाद कर रहे हैं।

## जोखिम में है स्कूल कालेज जाने वाले बच्चों की जान : नो एंट्री के बावजूद शहर की सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं ट्राली और ट्रक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नो एंट्री के समय सड़कों पर फर्राटा भरने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों और ट्रकों की आवाजाही से लगने वाले जाम से अनजान शहर में एम्बुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने वाली यातायात पुलिस मरीजों की जान को लेकर जितनी संजीदा नजर आती है उतनी ही लापरवाह सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर नजर आ रही है। शहर के अधिकांश स्कूल कालेज इन्ही रास्तों पर हैं या फिर यूं कहें कि हजारों बच्चे रोज सुबह ऐसे रास्तों से होकर स्कूल पहुंचते हैं जो इन तेज रफ्तार और खरतनाक वाहनों के कब्जे में रहते हैं। रेती नखास साहबगंज मिर्जापुर घासीकटरा बक्शीपुर के रास्ते प्रतिदिन हजारों बच्चे नो एंट्री के बावजूद ट्रकों और ट्रैक्टर ट्रालियों की आवाजाही के बीच जान जोखिम में डालकर स्कूल आने जाने पर मजबूर हैं। इन सड़कों को देखकर ऐसा लगता है कि हम शहर के बीच नही बल्कि किसी ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े हैं जहां ट्रकों को कतार लगी रहती है। नो एंट्री के इस खेल में मुनाफा होने और जिम्मेदारों की खमोशी अख्तियार करने से नौबत यहां तक पहुंच गई है कि स्कूल के समय ट्रकों के आने जाने से जाम



की स्थिति उत्पन्न होने के कारण लगभग रोज ही मासूम जिंदगियां खतरे की जद में स्कूल कालेज पहुंचती हैं। आपको बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्ट होने के बाद भी साहबगंज और आस पास के इलाकों से दर्जनों ट्रांसपोर्ट कम्पनियां संचालित हो रही हैं। इस सम्बंध में एसपी ट्रैफिक डॉ0 महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इस मामले में जल्द ही कायवाही की जाएगी। बहरहाल यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए हर तरफ नजर जमाये हुए अधिकारियों का नो एंट्री के इस खेल से अनजान रहना ताज्जुब की बात है।

## प्रत्येक छात्र अपने जन्मदिवस पर वृक्षारोपण अवश्य करें : मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा राणा ने स्काउट एवं गाइड की किया प्रशंसा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई में स्काउट और गाइड शिविर के चतुर्थ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा राणा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात आए हुए सभी अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्काउट और गाइड द्वारा टेंट लगाकर किस प्रकार जीवन यापन किया जाता है इसका कैंप के माध्यम से प्रत्यक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया तदुपरांत सरस्वती वंदना श्रुति व अनन्या सोनकर ने प्रस्तुत की इसके पश्चात इस स्काउट प्रशिक्ष मोहम्मद नजीर मुखबिल ने स्काउट का इतिहास बताया एवं स्काउट करने के अनेक फायदे बताएं जिला मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा राणा ने स्काउट एवं गाइड की प्रशंसा की एवं स्काउट के नियमों को जीवन में उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने समाज में शिक्षा के अनेकों लाभ बताएं तथा शैक्षिक महत्व पर विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम की अगली कड़ी में डॉ. एस के पांडे द्वारा संस्थान परिचय दिया गया जिसमें संस्थान के द्वारा संचालित अनेकों पर योजनाओं के बारे में बताया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष भारत की स्काउट गाइड अभय शंकर




गोड. ने स्काउट के बारे में बताया तथा यह कहा कि प्रकृति संरक्षण अति आवश्यक है इसलिए प्रत्येक छात्र अपने जन्मदिवस पर वृक्षारोपण अवश्य करें इसके पश्चात डॉ रश्मि द्विवेदी के द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में राजेश तिवारी जिला स्काउट सचिव, पंकज वर्मा जिला स्काउट मास्टर एवं रमेश वर्मा जिला स्काउट कमिश्नर स्काउट शिक्षकों के रूप में विकास कुमार श्रीवास्तव शैलेश प्रकाश गौतम सहित सभी स्काउट और गाइड तथा विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने की भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। केरल के राज्यपाल आरिफ



मोहम्मद खान से भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट वार्ता के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर विशेष चर्चा की।

## रिश्वत लेते गिरफ्तार लेखपाल की जमानत अर्जी हुई खारिज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए लेखपाल की जमानत याचिका विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने खारिज कर दी है। आरोपी लेखपाल अशोक उपाध्याय आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र के सेहदा कंधरापुर का रहने वाला है और निजामाबाद तहसील में तैनाती के दौरान उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि 27 जुलाई 2022 को शिकायतकर्ता मोहम्मदीन ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। उसका कहना था कि वह दो भाई है और पिता की मृत्यु 12 जुलाई 2021 को हो चुकी है। पिता की मृत्यु के बाद दोनो भाइयों का नाम वरासत के जरिये राजस्व अभिलेखों में दर्ज होना था। उसने तहसीलदार निजामाबाद के न्यायालय में वारासत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उसी प्रार्थना पत्र में लेखपाल अशोक उपाध्याय का बयान दर्ज होना था। इसके लिए अशोक ने पांच हजार रुपये मांगे थे। शिकायतकर्ता मोहम्मदीन की शिकायत पर एक ट्रैप टीम का गठन किया गया और टीम ने आरोपित लेखपाल को 28 जुलाई 2022 को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## छत की कुंडी से फांसी लगाकर महिला ने दी जान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बारीगांव निवासी करीब 28 वर्षीय कुसुम पत्नी दिनेश कुमार ने रविवार की रात को अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। तहसीलदार खजनी



और सिकरीगंज पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव कब्जे में लिया। बारीगांव की कुसुम अपने दो बच्चों 7 साल की बेटी और 4 साल के बेटे के साथ गांव में अकेले मकान में रहती थी। सास–ससुर, भसुर परिवार के अन्य लोगों ने गांव में ही खेत में मकान बनाकर रहते हैं। काफी दिनों से कुसुम बच्चों के साथ अकेली रहती थी। पति दिनेश 6 माह से चेन्नई में है। मृतका का मायका बेलघाट थाना क्षेत्र के कुरीबाजार के पास सियर गांव में है। रविवार की रात में कुसुम ने अपने पति से मोबाइल पर बात करने के बाद बच्चों संग कमरे में सोने चली गई। रात में पंखे की कुंडी से फांसी लगा ली। तहसीलदार खजनी, एसओ सिकरीगंज पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मुस्कान से समस्या सुलझ सकती है लेकिन मौन से समस्या को आनें से रोक सकते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जासूसी को लेकर भारत की चिंताएं एवं श्रीलंका की मजबूरी

चीनी जहाज युआन वांग–5 भले ही श्रीलंकाई बंदरगाह पर रुका है, लेकिन उसका नियंत्रण चीनियों के हाथ में है। इससे पहले, वर्ष 2014 में दो चीनी पनडुब्बियां, जिसमें एक परमाणु शक्ति वाली पनडुब्बी भी थी, भारत की आपत्तियों के बावजूद श्रीलंका में रुकी थीं।

भारत और अमेरिका की चिंताओं व आपत्तियों के बावजूद बीते 16 अगस्त को चीनी जासूसी जहाज युआन वांग–5 श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंच गया है। यह जहाज पहले 11 अगस्त को ही पहुंचने वाला था, लेकिन भारत की चिंताओं के कारण इसमें देरी की गई। चीन से चलने के बाद यह रास्ते में कहीं रुका नहीं, हालांकि इसकी गति जरूर धीमी कर दी गई। कोलंबो स्थित चीनी दूतावास ने श्रीलंकाई नेतृत्व को हंबनटोटा में इसे रुकने की अनुमति देने के लिए राजी कर लिया। चीन ने दावा किया कि यह केवल ईंधन भरने और चालक दल के 'रिफ्रेशमेंट' के लिए रुका है। इस जहाज के चालक दल में लगभग 2,000 सदस्य हैं।

हंबनटोटा बंदरगाह का निर्माण वर्ष 2010 में चीन से कर्ज लेकर किया गया था। श्रीलंका इस बंदरगाह का फायदा उठाने में इसलिए विफल रहा, क्योंकि ज्यादातर जहाज हंबनटोटा बंदरगाह को बाइपास कर पहले से ही स्थापित कोलंबो बंदरगाह पर रुकते हैं। श्रीलंका सरकार चीन का कर्ज चुकाने में विफल रही और बंदरगाह को भारी नुकसान हुआ। तत्कालीन श्रीलंकाई प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने 99 साल के पट्टे पर एक चीनी कंपनी को बंदरगाह हस्तांतरित करने के समझौते पर दस्तखत किया था। भारत ने चीन के इस जासूसी जहाज पर चिंता जताई थी, लेकिन श्रीलंका के पास सीमित विकल्प थे।

चीनी जहाज युआन वांग–5 भले ही श्रीलंकाई बंदरगाह पर रुका है, लेकिन उसका नियंत्रण चीनियों के हाथ में है। इससे पहले, वर्ष 2014 में दो चीनी पनडुब्बियां, जिसमें एक परमाणु शक्ति वाली पनडुब्बी भी थी, भारत की आपत्तियों के बावजूद श्रीलंका में रुकी थीं। भारत की चिंता इस तथ्य से उपजी है कि युआन वांग मूलतः बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रहों का पता लगाने के लिए तैयार किया गया है, जिसके बारे में यह भी दावा किया जाता है कि यह जासूसी जहाज संचार और अन्य डाटा का पता लगाता है।

यह ओडिशा तट स्थित अब्दुल कलाम परीक्षण रेंज से दागी गई भारतीय बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगा सकता है और उनकी सीमा और सटीकता को माप सकता है। इस जहाज की हवाई पहुंच 750 किलोमीटर है, जो दक्षिण भारत स्थित भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों को अपनी निगरानी के दायरे में ला सकती है। इस जहाज को समुद्री सर्वेक्षण के लिए भी तैयार किया गया है, जो पनडुब्बी संचालन के लिए आवश्यक है। चीनी वर्षों से ऐसा करते आ रहे हैं। भारत को इस बात की चिंता है कि भविष्य में अन्य चीनी नौसैनिक जहाज श्रीलंका पहुंच सकते हैं।

चिंता का एक कारण यह भी है कि यह जहाज अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कोलंबो बंदरगाह पर नहीं, बल्कि चीनी नियंत्रित हंबनटोटा बंदरगाह पर रुका है। इस जहाज का स्वागत अन्य लोगों के साथ कोलंबो स्थित चीनी राजदूत ने किया, जो इस क्षेत्र में चीनी जहाज के आगमन के महत्व को प्रदर्शित करता है। तथ्य यह है कि यह जहाज भारतीय चिंताओं के बावजूद हंबनटोटा में रुका, जिसे चीन की कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

इस जहाज की रहस्यमय प्रकृति तब स्पष्ट हुई, जब जहाज की अगवानी करने वाले चीनी राजदूत को भी जहाज पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। भारत अपने हितों के क्षेत्र में सभी चीनी नौसैनिक जहाजों की आवाजाही पर नजर रखता है, इसलिए हिंद महासागर में प्रवेश के बाद से युआन वांग–5 की गति का अनुमान लगा सकता है। हालांकि श्रीलंकाई लोगों ने कहा कि वे नहीं चाहते कि हंबनटोटा का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जाए, लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है, क्योंकि बंदरगाह एक चीनी कंपनी के नियंत्रण में है।

श्रीलंका ने यह कहते हुए डॉकिंग (रुकने) की अनुमति देने के अपने निर्णय का बचाव किया कि यह जहाज एक 'अनुसंधान जहाज' की श्रेणी के तहत बंदरगाह पर आया था। इस जहाज में चीनी नौसैनिक हैं, इसलिए इसे अनुसंधान जहाज नहीं माना जा सकता है। चीनी राजदूत ने संभवतः जहाज को रुकने देने की बीजिंग की इच्छा पर इसलिए जोर दिया, क्योंकि बंदरगाह चीनी कंपनी के अधीन है और जहाज में युद्ध जैसे सामान नहीं हैं, इसलिए इसकी आवाजाही को रोका नहीं जा सकता है, और समझौते के तहत श्रीलंका सरकार के पास सीमित विकल्प हैं। चीन ने हंबनटोटा में रुकने के अपने फैसले का बचाव करते हुए दावा किया, 'युआन वांग–5 की समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय आम रिवाज के अनुरूप हैं।'

भारत के लिए यह हंबनटोटा में रुकने वाले चीनी नौसैनिक जहाजों की एक शृंखला की शुरुआत हो सकती है। दीर्घ काल में इस बंदरगाह का सैन्यीकरण भी किया जा सकता है। भले ही श्रीलंका भारत के करीब है और विशेष रूप से आर्थिक पतन के बाद सहायता के लिए भारत पर निर्भर है, लेकिन वह एक स्वतंत्र देश है, जिसके चीन के साथ अपने संबंध हैं।

श्रीलंका पर चीन का आठ अरब डॉलर का बकाया है, जबकि आर्थिक पतन से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे श्रीलंका को भारत चार अरब डॉलर की सहायता दे रहा है। इस तरह से भारत श्रीलंका को कुछ हद तक ही मदद कर सकता है, लेकिन उससे आगे श्रीलंका सरकार स्वयं अपना निर्णय लेगी। एक बार जब श्रीलंका ने जहाज को रुकने की अनुमति देने की घोषणा कर दी, उसके बाद भारत सरकार ने कोई बयान नहीं दिया। यह संभव है कि श्रीलंकाई नेतृत्व ने भारत से परामर्श किया हो और अपनी दुविधा बताई हो, जिसे भारत ने मान लिया होगा। भारत ने चीनी जहाज के आगमन से ठीक एक दिन पहले श्रीलंका को एक डोर्नियर विमान उपहार में दिया था, जिसका अर्थ है कि युआन वांग–5 के रुकने का भारत–श्रीलंका संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। चीनी जहाज शीघ्र ही हंबनटोटा बंदरगाह से प्रस्थान कर सकता है, हालांकि, अगले कुछ महीनों के लिए वह हिंद महासागर में रहेगा और भारतीय गतिविधियों की निगरानी के साथ–साथ समुद्री सर्वेक्षण भी करेगा। भारतीय नौसैनिक एजेंसियां इस जहाज की निगरानी करती रहेंगी, क्योंकि यह भारत के हितों के क्षेत्र में काम करेगा। चीनी जहाजों की आवाजाहीकी निगरानी से ज्यादा जरूरी यह है कि हम अपने हितों के क्षेत्र में चीनियों का मुकाबला करने के लिए अपनी खुद की नौसैनिक शक्ति का विकास करें।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# माफिया अतीक अहमद के बेटे ने सीबीआई कोर्ट में किया सरेंडर : दो लाख का था इनाम

लखनऊ ब्यूरो : माफिया व फूलपुर से पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे उमर अहमद ने मंगलवार को सीबीआई की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। दो लाख के इनामी उमर के खिलाफ कृष्णा नगर थाने में प्रॉपर्टी कारोबारी मोहित जायसवाल को अगवा कर देवरिया जेल में बंधक बनाकर पीटने व लाखों रुपए की संपत्ति अपने नाम लिखवाने का मुकदमा दर्ज था। 2018 में दर्ज मुकदमे की सीबीआई जांच कर रही थी। उमर की तलाश में लखनऊ पुलिस के अलावा सीबीआई और एसटीएफ भी जुटी हुई थी। उमर पर सीबीआई ने दो लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है लेकिन वह तीन साल से केंद्रीय जांच एजेंसी को छका रहा है। मोहम्मद उमर अतीक का सबसे बड़ा बेटा है। लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल को अगवा कर देवरिया जेल में ले जाकर पिटाई करने के मामले में उसके खिलाफ दिसंबर 2018 में लखनऊ के कृष्णा नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर करीब छह महीने बाद कृष्णा नगर थाने में दर्ज एफआईआर को ही आधार बनाते हुए सीबीआई लखनऊ की स्पेशल क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इसमें अतीक के साथ ही उसके बेटे उमर, करीबी जफरउल्लाह, फारुख, जकी व गुलाम सरवर समेत 18 लोगों को नामजद किया गया। मोहम्मद उमर पर घोषित है दो लाख का इनाम काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर उमर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराया गया। इसके कुछ दिनों बाद उस पर सीबीआई की ओर से दो लाख का इनाम घोषित किया गया लेकिन फिर भी वह हाथ नहीं आया। नाम न छापने की शर्त पर एक अफसर ने बताया कि उमर अपहरण कर जेल में पिटाई, रंगदारी समेत कई गंभीर धाराओं में दर्ज मामले का आरोपी है। उमर का पिता अतीक अहमद कुख्यात माफिया है और उसका चाचा अशरफ भी अपराधी है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हिस्ट्रीशीट खोलकर उसकी



निगरानी की जाए। सूत्रों का कहना है कि अफसरों के निर्देश पर खुल्दाबाद पुलिस ने इस संबंध में दस्तावेज जुटाने का काम भी शुरू कर दिया है। उमर के खिलाफ मिले थे फोरेंसिक साक्ष्य मोहित जायसवाल केस की जांच के दौरान सीबीआई को उमर के खिलाफ फोरेंसिक साक्ष्य मिले थे। सीडीआर और टॉवर लोकेशन से यह पता चला था कि घटना के वक्त उसकी मोबाइल लोकेशन देवरिया जेल के इलाके में ही थी। एक खास बात यह भी रही कि जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किए जाने के दौरान उमर की ओर से उसके वकीलों ने यह बात स्वीकार की थी कि घटना वाले दिन वह परिजनों को साथ लेकर अपने पिता से मिलने देवरिया जेल गया था लेकिन सीबीआई की ओर से बताया गया था कि उसे जांच के दौरान ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, जिसमें जेल प्रशासन ने उमर को जेल के भीतर जाने की अनुमति दी हो। नोएडा से कर रहा था कानून की पढ़ाई 24 साल का उमर नोएडा के एक निजी लॉ कॉलेज का छात्र रहा है। खास बात यह है कि कृष्णा नगर पुलिस की ओर से जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें उसका नाम नहीं था। उसके वकीलों की ओर से कोर्ट में जो जमानत प्रार्थनपत्र दिया गया था, उसमें दावा किया गया था कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

# आपराधिक मामले लंबित रहने से सरकारी कर्मचारी का नहीं रोक सकते प्रमोशन : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक केस लंबित होने के आधार पर सरकारी सेवक के प्रमोशन को रोका नहीं जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने पुलिस कांस्टेबल नीरज कुमार पांडेय की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने प्रतिवादी सक्षम पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह दो माह के अंदर सील कवर खोलने की प्रक्रिया को लेकर आदेश पारित करें। याचिका में डीआईजी/एसपी स्थापना, डीजीपी मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से एक जनवरी 2021 को जारी हेड कांस्टेबल प्रमोशन लिस्ट में याची के प्रमोशन को सील कवर में रखने को चुनौती देते हुए उसे खोलने की मांग की गई थी। याची के हेड कांस्टेबल पद पर प्रमोशन को उसके विरुद्ध आपराधिक केस लंबित होने के चलते सील कवर में रखा गया था। याची की ओर से बहस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का तर्क था कि याची पर आपराधिक केस की वजह से उसे यूपी पुलिस ऑफिसर ऑफ सबार्डिनेट रैंक (पनिशमेंट एंड अपील रूल्स) 1991 के नियम 8(2) (बी) के अंतर्गत बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट के आदेश से उसे



सेवा में बहाल कर लिया गया और वह पुलिस विभाग में निरंतर कार्यरत रहा है। बहस की गई कि क्रिमिनल केस लंबित रहने के बावजूद याची को नौकरी में बनाए रखा गया है तो ऐसे में क्रिमिनल केस के आधार पर प्रमोशन से वंचित रखना गलत है। कहा गया था कि जब आपराधिक केस के आधार पर की गई बर्खास्तगी को हाईकोर्ट ने रद्द कर बहाली का आदेश दिया तो पुनः उसी आधार पर प्रमोशन देने से इन्कार करना अवैधानिक है।

## कृषि प्राविधिको का कृषि भवन पर क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः कृषि विकास की योजनाओं को हर खेत – खेत तक पहुंचाने वाले एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कार्य को रात दिन छुट्टियों तक में क्रियान्वित करने वाले प्राविधिक सहायकों ने निरन्त उत्पीडन से त्रस्त हो कर 21 सूत्रीय मांग पत्र के क्रम में ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग को लेकर आज दूसरे दिन भी कृषि भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन जारी रहा । दिनांक 22 अगस्त 2022 से प्रारम्भ इस क्रमिक अनशन का आज दूसरा दिन है । आज अनशन के दूसरे दिन श्री कुसुम पाल सिंह ( जनपद बदायू ) श्री ज्ञानेन्द्र त्यागी ( जनपद – अमरोहा ) , श्री महेन्द्र सिंह ( जनपद – एटा ) , श्री राहुल शुक्ला ( लखनऊ – कृषि निदेशालय ) इंद्रजीत सिंह ( मिर्जापुर ) अनशन पर बैठे निदेशालय शाखा के संयोजक श्री प्रीतम सरन ने कहा कि वेतन विसंगति की रिपोर्ट सरकार के पास विगत तीने वर्षों से लम्बित है , जिसे सार्वजनिक कर लागू किया जाए । श्री आशीष कुमार ने कहा कि वर्ग –2 के लगभग 800 रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति की जाए श्री देशराज सिंह ने कहा वर्ग –1 के 561 रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति किए जाने की माग की । श्री जामवन्त पटेल ने अवशेष बीज निस्तारण की स्थायी नीति घोषित करने की मांग की । श्री एम ० पी ० शर्मा एवं श्री सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप कहा कि मा ० मुख्यमंत्री जी ने 30 सितम्बर 2022 तक पदोन्नति किए जाने के निर्देश के क्रम आगमी 30 जून 2023 तक रिक्त होने वाले पदों की गणना करते हुए




तत्काल पदोन्नति किए जाने की मांग की । श्री शेष प्रताप सिंह ने कहा कि 10 माह पूर्व 885 ग्रुप – बी के पदों पर पदोन्नति किया परन्तु इनकी तैनाती नहीं की गयी लेकिन इनमें से 10 नय प्रोन्नत ग्रुप – बी के प्राविधिक सहायको का स्थानान्तरण कर दिया गया , पूर्णतया गलत है । श्रीमति अलका शाक्य ने कहा कि सभी बीज भण्डारों पर शौचालय एवं पानी की व्यवस्था हो। उ 0 प्र 0 कृषि विभाग के मिनिस्ट्रीयल सर्विस एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा क्रमिक अनशन में उपस्थित होकर अनशन का पूर्ण समर्थन किया । प्रान्तीय महामंत्री श्री अम्बा प्रकाश शर्मा ने कहा कि संघ का अनशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है , परन्तु कृषि निदेशालय प्रशासन मौन है । प्रान्तीय अध्यक्षा श्री राधा रमण मिश्र ने कहा कि आज अनशन के दूसरे दिन भी निदेशालय प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है अनशन कल दिनांक 24 अगस्त 2022 को भी जारी रहेगा और कल माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन कृषि निदेशक महोदय को सौपा जाएगा और अगले कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी ।

# संस्था विद्यांजलि भारत मंच के प्रकल्प उड़ान (एक पहल) का प्रथम प्रयास स्वयंभू कवि सम्मेलन संपन्न

इंदौर, मध्य प्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति, शिवाजी सभागृह रविंद्रनाथ टैगोर मार्ग इंदौर में आयोजित ''स्वयंभू'' कवि सम्मेलन एवं महारथी सम्मान समारोह संपन्न हुआ! आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संस्था संरक्षक डॉ आर के बघेरवाल द्वारा युवाओ को आशीर्वचन के रूप में उद्बोधन दिया गया एवं विशेष अतिथि चर्चित युवा कवि श्री गौरव साक्षी द्वारा युवाओ को साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु वक्तव्य देकर मार्गदर्शित किया गया! संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर विरमाल एवं इंदौर जिला समन्वयक जितेंद्र शिवहरे द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं सत्कार किया गया और आयोजन के मध्य इंदौर शहर की तीन विभूतियों को ''महारथी सम्मान 2022'' साहित्य सेवा हेतु चर्चित युवा कवि श्री गौरव साक्षी, समाज सेवा हेतु युवा समाजसेवी जय दुबे को देकर सम्मानित किया गया! संस्था विद्यांजलि भारत मंच के प्रकल्प (उड़ान एक पहल) में शामिल पंजीकृत नवांकुर कवियों के रूप में पुष्पेंद्र पटेल पुष्प पीथमपुर, स्वाति सिंह साहिबा महेश्वर, यश कौशल महू, श्याम बैरागी इंदौर, अंशुक द्विवेदी रंगहीन इंदौर, अतुल दवे जी इंदौर आदि शामिल हुए एवं संस्था द्वारा मानदेय व सम्मानपत्र देकर सभी कवियों का सम्मान किया



गया! उक्त आयोजन में उपस्थित सभी श्रोता कवियों को भी काव्यपाठ का प्रयाप्त अवसर मिला! संचालन प्रिय भैया सुनील सिपाही जी ने किया एवं भाई संचित मिश्रा, भाई विकास शुक्ला, भाई आशीष पंवार, भैया तपन दुबे, भैया राहुल मिश्रा, भैया राहुल बजरंगी, भैया संजय बेजार, बहन आरती पंवार का विशेष सहयोग रहा! घरो में छिपी प्रतिभाओ को स्वतंत्र मंच और सम्मान के साथ उन्हें प्रभावी प्रस्तुतिकरण हेतु तैयार करना, आर्थिक रूप से सहयोग करना और आज के समय में हो रहे युवा रचनाकारों के साथ शोषण को खत्म करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है! संस्था द्वारा अब प्रतिमाह स्वयंभू कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसके लिए देशभर से सभी रचनाकारों की प्रविष्ठियां गूगल फॉर्म के माध्यम से आमंत्रित की जा रही है।

## सीएमएस के मेधावी छात्र उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह, अवनीश अवस्थी : आई ए एस द्वारा हुए पुरस्कृत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः सिटी मोंटेसरी स्कूल एक्सटेंशन, गोमती नगर द्वितीय (II) कैंपस (निकट शहीद पथ) में सिटी मोंटेसरी स्कूल के मेधावी छात्र सम्मानित किये गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह, अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस., ने सी एम एस के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक 'डॉ जगदीश गांधी एवं डॉ भारती गांधी' भी उपस्थित थे। इस समारोह में आईएससी (कक्षा 12) बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम नेशनल रैंक अर्जित करने वाले आकाश श्रीवास्तव, फहीम अहमद एवं सिमरन सिंह को दो – दो लाख रुपये के नगद पुरस्कार से



सम्मानित किया गया और अन्य 20 बच्चों को 1–1 लाख रूपए के नगद पुरस्कार से नवाजा गया।

# आज एक बार फिर किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत– कृष्णकांत पाण्डेय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विगत दिनों लगभग एक वर्ष तक जाड़ा, गर्मी और बरसात झेलते हुए देश के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया। कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में हर कदम पर खड़ी रही। लगभग सात सौ से अधिक किसानों की शहादत के बाद सरकार झुकी। उस समय के किये गये वादे अब तक पूरे नहीं हो सके। आज एक बार फिर किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि दिल्ली के अगल–बगल तमाम बार्डरों पर किसानों को रोका गया तथा हिरासत में लिया गया। यह पहली सरकार है जो किसानों के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार कर रही है। किसानों के साथ अन्याय सरकार के पतन के कारण बनेगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि सरकार किसानों के साथ हुए समझौते के तहत वादे पूरे करने में नाकाम साबित हुई है। सर्वविदित है कि जो समिति न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी) के लिए बनायी गयी उससे किसान सहमत नहीं रहे, किसानों ने माना ही नहीं। जिसके लिए समिति बन रही है जब वही असहमत हो तो किस बात की समिति? सरकार को संयुक्त किसान मोर्चा को निश्चित रूप से विश्वास में लेना चाहिए, जिसके नेतृत्व में देश का बहुत बड़ा किसानों का आन्दोलन चला उसकी सहमति के बिना कोई भी समिति शून्य है। इस सरकार को किसानों से कोई भी लेना–देना नहीं है। कभी भी यह सरकार किसानों, नौजवानों और जवानों के प्रति गंभीर नहीं रही। प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने आगे बताया कि देश तभी मजबूत होता है जब देश का किसान, नौजवान, और जवान खुशहाल होता है। बेहतर होता कि यह भाजपा सरकार प्रांतों की सरकारों को अस्थिर करने, विधायकों की खरीद फरोख्त में समय बिताने की जगह किसानों, देश एवं देशवासियों के बारे सोचती। किसानों का इस सरकार पर विश्वास नहीं है। जिस तरह से लखीमपुर में मंत्री पुत्र द्वारा किसानों को गाड़ी से रौंदा गया तथा अपराधी को बचाने का भरपूर प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया गया एवं आज तक मंत्री भाजपा सरकार के मंत्री मण्डल का हिस्सा है। इससे स्पष्ट है कि किसानों के प्रति इनकी असंवेदनशीलता कितनी है? श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि किसानो की मांगों में जनपद लखीमपुर नरसंहार के पीड़ित किसान परिवारों को इंसाफ, जेलों में बंद किसानों की रिहाई, केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी की गिरफ्तारी प्रमुख हैं। बिजली बिल वर्ष 2022 को रद्द करने की मांग, गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने तथा बकाये धन का भुगतान की मांग, अग्निपथ योजना की वापसी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के बकाया मुआवजे के तत्काल भुगतान सहित तमाम मांगे प्रमुख हैं जो आज तक सरकार द्वारा पूरी नहीं की गयी। यदि सरकार द्वारा तत्काल एमएसपी को कानूनी दर्जा नहीं दिया गया तथा किसानों के मुकदमें वापस नहीं लिये गये तो देश के हालात बद से बदत्तर होंगे जिसकी जिम्मेदारी मोदी सराकर की होगी।

# हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत : परिजनों ने किया हंगामा

अलीगढ़ ब्यूरो : नानऊ नहर पुल के पास चांदगढी मार्ग पर सोमवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्यरत एक हाइड्रा मशीन ने बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हाइड्रा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जीटी रोड पर शव को रख जाम लगाने का प्रयास किया। इस दौरान इंस्पेक्टर रामवकील सिंह की खींचातानी में वर्दी भी फट गई। गांव खेड़ा नरायन सिंह के मजरा नगला बबूल निवासी खेम सिंह (68) सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त थे। सोमवार की शाम वह गांव नगला बबूल से अलीगढ़ अपने घर प्रेम नगर कॉलोनी जा रहे थे। गांव से नानऊ पुल स्थित सड़क तक पैदल आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर कार्य में चल एक हाइड्रा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में खेम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सैकड़ों ग्रामीणों व मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गये। उन्होंने हाइड्रा में तोड़फोड़ करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर इंस्पेक्टर रामवकील सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत करने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों ने कहा कि जब तक हाईवे के अधिकारी मौके पर नहीं आते तब तक वह शव को नहीं उठाने देंगे। इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ युवक शव को उठाकर जीटी रोड की आर ले जाने लगे। शव को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच खींचातानी हो गई। इस दौरान इंस्पेक्टर रामवकील सिंह की वर्दी फट गई। मौके पर पहुंचे सीओ अतरौली विशाल चौधरी ने आसपास के कुछ संभ्रांत लोगों की मदद से गुस्साऐं लोगों को शांत कराया। उसके बाद पुलिस ने परिजनों की सहमती से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन : दो जिलों में बनेंगे थाने

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया है। जो प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध के पर्यवेक्षण में काम करेगा। इसके लिए प्रथम चरण में बाराबंकी व गाजीपुर में नारकोटिक्स थाने स्थापित किए जाएंगे। एएनटीएफ में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो आफ नारकोटिक्स और डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस से अधि ाकारियों को प्रतिनियुक्ति के आध ाार पर लिया जाएगा। इसके लिए भत्तों की व्यवस्था प्रदेश सरकार करेगी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त अपराधियों, माफियाओं और गिरोह के विरुद्ध जांच करने, सीज करने, गिरफ्तारी करने और विवेचना करने के अधिकार प्राप्त होंगे। मुख्यालय स्तर पर एएनटीएफ के प्रभारी पुलिस उप महानिरीक्षक



(एएनटीएफ) होंगे। विभाग के तीन क्षेत्रों पश्चिम, मध्य व पूर्व के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक होंगे। पश्चिम क्षेत्र में मेरठ, बरेली, आगरा, मध्य क्षेत्र में लखनऊ और कानपुर जबकि पूर्वी क्षेत्र में प्रयागराज, गोरखपुर व वाराणसी जोन आएंगे।

## सोनभद्र जिला अस्पताल से बंदी फरार : ब्लड जांच कराने के दौरान चकमा देकर भागा : पुलिस महकमे में हड़कंप

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र के जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी से मंगलवार को उपचार के दौरान जिला कारागार गुरमा में निरुद्ध हत्यारोपी एक बंदी फरार हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस और जेल कर्मी फरार बंदी की तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है। जेल अधीक्षक सौरव श्रीवास्तव का कहना है कि फरार बंदी की तलाश की जा रही है। जेल कर्मियों की मानें तो जिला कारागार गुरमा में चोपन थाना क्षेत्र का रहने वाला हत्यारोपी लल्लू कुंवर बंद है। सोमवार को बंदी की तबीयत खराब हो गई। जिला जेल के अस्पताल में बंदी का उपचार कराया गया। डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए बंदी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कड़ी सुरक्षा के बीच हत्यारोपी लल्लू कुंवर समेत तीन बंदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लोहड़ी ले जाया गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे डॉक्टर ने बंदी लल्लू को जांच कराने के लिए पैथोलॉजी भेजा। जेल कर्मियों की मानें



तो जांच के दौरान बंदी लल्लू फरार हो गया। जेल कर्मियों ने अपने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी साथ ही सदर कोतवाली पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस और जेल कर्मी घंटों फरार बंदी की तलाश करते रहे लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। इस संबंध में जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि फरार बंदी की तलाश की जा रही है। बंदी क्षय रोग से ग्रसित है। बंदी किन परिस्थितियों में भागा इसकी भी जांच कराई जाएगी। जांच में जिस कर्मी की लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों के हौसले बुलंदः पुलिस चौकी के पास के मंदिर को भी नहीं छोड़ा : दानपेटी से उड़ा ले गए लाखों रुपए

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में इन दिनों चोरी करने का मुख्य केंद्र बिंदु मंदिर बने हुए हैं। चोरों के द्वारा इन दिनों लगातार मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हौसला बुलंद चोरों ने सुंदर पुलिस चौकी के समीप स्थित भिखारीपुर तिरमुहनी पर दैत्रा वीर बाबा के मंदिर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर में रखी दानपेटी का ताला तोड़कर लगभग एक लाख रुपए पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह पांच बजे मंदिर माला पहुंचाने वाले माली महेंद्र को हुई। महेंद्र ने इसकी सूचना मंदिर के संरक्षक अजय कुमार सिंह सहित पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस, छानबीन कर आगे की कार्यवाई में जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना लगभग रात्रि 12 बजे के बाद कि है। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते एक साल पहले भी मंदिर में चोरी हुई थी। उस समय चोरों



ने लगभग पचास हजार रुपए की चोरी की थी। चोरी के संबंध में अजय सिंह और महेंद्र ने सुंदरपुर चौकी पर लिखित तहरीर दी है। पुलिस चौकी के बगल में मंदिर की दानपेटी में चोरी होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## फर्जी पासपोर्ट आधार व वोटर कार्ड तक मिल चुके हैं रोहिंग्या से

अलीगढ़ ब्यूरो : एक वर्ष पूर्व गिरफ्तार रोहिंग्या शाहिद के पास से एटीएस ने अलीगढ़ से बना वोटर कार्ड बरामद किया था। मगर सवाल खड़ा हो रहा है कि इससे पहले यहां से पकड़े गए रोहिंग्या से कई आधार कार्ड, कुछ से वोटर कार्ड तथा एक से फर्जी पासपोर्ट तक बरामद किया। मगर आज तक इन्हें बनाने वालों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। अब तक की जांच में पुलिस – प्रशासनिक टीमें इन्हें बनाने वालों तक क्यों नहीं पहुंच सकीं। बात 2017 के विधानसभा चुनाव में इनके मतदान पर उठी। सीएए–एनआरसी विरोधी उपद्रव में पुलिस ने इन्हें शाहजमाल में शामिल पाया। मगर इनको भारतीय नागरिकता संबंधी दस्तावेज देने वालों तक कोई नहीं पहुंचा। सोमवार शाम तक सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन दोनों एटीएस द्वारा जारी किए गए जांच पत्र के मिलने से इंकार करते रहे। मगर एटीएस के इस पत्र की खबर ने सिस्टम पर तमाम सवाल खड़े किए हैं। एटीएस ने गिरफ्तारी के एक वर्ष बाद एक पत्र जिला प्रशासन को भेजा है, जिसमें कहा है कि अलीगढ़ से पकड़े गए मूल रूप से म्यामार आक्याब मगडू के शाहिद से वोटर कार्ड मिला है, एनजेजेड–2627736 नंबर का वोटर कार्ड अलीगढ़ से जारी है। शाहिद अकेला नहीं था, यहां उसका भाई व अन्य परिजन भी रह रहे थे।



भाई भी पकड़ा गया था। इस कार्रवाई के दौरान करीब 100 लोग ऐसे थे, जो अचानक गायब हो गए। उससे पहले सीएए–एनआरसी विरोधी उपद्रव में इनकी भूमिका सामने आने पर दस्तावेजों के सत्यापन कराए गए। कार्रवाई की जद में आएंगे कर्मचारी एडीएम प्रशासन डीपी पाल कहते हैं कि किसी को भी किसी स्थान पर 6 माह तक रहने पर अस्थायी दस्तावेज बन जाता है। चूंकि ये रोहिंग्या हैं जो वर्क परमिट पर हैं, उनको तो कोई दस्तावेज मिलना संभव नहीं। उनका रिकार्ड भी ऑनलाइन है। मगर जो चोरी छिपे यहां आकर बसे, उन्हें कैसे दस्तावेज मिले, इसे लेकर बीएलओ व पहचान पत्र जारी करने वाले अन्य सभी कर्मचारी जांच की जद में आएंगे। इनके रिहायश क्षेत्र में पिछले कुछ वर्ष में बने मतदाता व आधार कार्डों की जांच कराई जाएगी।

## अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अखिल भारतीय सर्व एकता महासभा की बैठक लखनऊ रोड स्थित एस.आर.जे.होटल एंड लॉन में संपन्न हुई, जिसमें सर्व वैश्य एकता पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध



यक्ष आलोक गुप्ता ने किया,बैठक का संचालन जिलाउपाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने किया। जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा जब हम लोग संगठित होंगे और वैश्य समाज में दबे कुचले व्यक्तियों को एक करेंगे। और जनपद में सभी ब्लॉकों में इसका गठन करेंगे। संगठन के जिला महामंत्री एवं एस.आर.जे होटल के मालिक अरुण गुप्ता ने भी संगठन की मजबूती के लिए हर संभव मदद का वादा किया। सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संगठन को ब्लॉक स्तर तक ले जाने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से महिला जिलामंत्री सुनीता गुप्ता, जिलामंत्री कोमल गुप्ता,जिलाउपाध्यक्ष सचिन गुप्ता,अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता,संगठन मंत्री देवेश गुप्ता,जिला वरिष्ठमंत्री विमल किशोर गुप्ता, विपिन गुप्ता,आशीष गुप्ता,जिलामंत्री अनुज गुप्ता, अनिकेत गुप्ता,बालाजी गुप्ता,विधिक सलाहकार शरद गुप्ता,विजय गुप्ता,पवन अग्रवाल सुधीर गुप्ता,आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### श्रावस्ती में तैनात दो लेखपालों की मार्ग दुर्घटना में मौत

बलरामपुर ब्यूरो : बलरामपुर जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो लेखपालों की मृत्यु हो गई। यह दोनों श्रावस्ती जनपद में तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात श्रावस्ती से बलरामपुर की तरफ बुलेट से आ रहे ग्राम सोनगढा मुतेहरा कोतवाली गैंसड़ी निवासी लेखपाल विजय कुमार (39) तथा ग्राम बनकटवा थाना पचपेड़वा निवासी लेखपाल धूप नाथ चौधरी (38) देहात कोतवाली क्षेत्र के नरकटिया गांव के पास सड़क पर खड़ी डंपर से टकरा गए। धूपनाथ की मौके पर ही मौत हो गई थी। विजय कुमार को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थोड़ी ही देर में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने इनको भी मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक श्रावस्ती जनपद के इकौना तहसील में तैनात थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में अग्रिम विधि ाक कार्रवाई की जा रही है।

## परियोजनाओ के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न

जौनपुर (सू0वि0)– जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में देर सायं जनपद में 10 करोड़ से ऊपर के परियोजनाओ की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 10 करोड़ से ऊपर के लागत की लम्बित परियोजना की समीक्षा की गई। सभी अपूर्ण 17 परियोजनाओ हेतु नामित नोडल अधिकारियो को निर्देश दिया कि परियोजनाओ का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता व वित्तीय प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति नियमित रूप से मानिटरिंग करें। परियोजना समय से पूर्ण होने में यदि किसी भी प्रकार की समस्या आये तो तत्काल अवगत कराये। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा जिलाधिकारी स्तर पर की जाएगी। सभी परियोजनाओं की कार्रवाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं के निर्माण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आवश्यकता अनुसार मजदूरों की संख्या बढ़ा दी जाए जिससे कार्य समय से पूर्ण कराए जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्साधि ाकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दिव्यांग पेंशन की द्वितीय किश्त की धनराशि आधार आथेन्टीकेशन के पश्चात ही निदेशालय द्वारा खातें में अन्तरित की जायेगी

जौनपुर (सू0वि0)– जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्विव्या शुक्ला ने समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि दिव्यांग पेंशन की द्वितीय किश्त (माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, 2022) की धनराशि आधार आथेन्टीकेशन के पश्चात ही निदेशालय द्वारा खातें में अन्तरित की जायेगी। निदेशालय द्वारा आधार आथेन्टीकेशन की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर, 2022 निर्धारित की गयी है। जिनका आधार आथेन्टीकेशन नही होगा वे दिव्यांग पेंशन से वंचित हो सकते हैं। अतः दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे सभी दिव्यांगजन जिनका अधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं हुआ है वे 15 सितम्बर से पहले स्वयं के माध्यम से या किसी साइबर कैफे के माध्यम से वेब पोर्टल https%/ /sspy&up-gov-in पर मोबाइल के माध्यम से ओ.टी.पी. प्राप्त कर अपना आध ाार आथेन्टीकेशन तत्काल कराना सुनिश्चित करें। आधार आथेन्टीकेशन के किसी कठिनाई एवं आजनकारी हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन जौनपुर में सम्पर्क कर सकतें है।

### जहरीली शराब कांड के मुख्य आरोपी ऋषि कुमार पर रासुका

अलीगढ़ ब्यूरो : जिले के बहुचर्चित जहरीली शराब प्रकरण के मुख्य आरोपी शराब माफिया ऋषि कुमार पर सोमवार को रासुका की कार्रवाई की गई है। एसएसपी कलानिधि नैथानी की संस्तुति पर डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने अंतिम मुहर लगा दी है। जिसके बाद सोमवार की देर शाम सिविल लाइंस पुलिस टीम ने आरोपी को मैनपुरी जेल में रासुका तामील कराया। बता दें कि शराब प्रकरण में यह पहली बड़ी कार्रवाई है और लंबे समय से जिले में किसी पर रासुका की कार्रवाई भी नहीं हुई है। जिले में पिछले साल जहरीली शराब कांड हुआ था। इसमें जिले के थाना लोधा, खैर, गभाना, पिसावा, टप्पल, जवां, क्वार्सी, गांधीपार्क, महुआखेड़ा समेत कई थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब पीने से 100 से भी अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इस प्रकरण की गूंज शासन तक पहुंची थी। प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 33 मुकदमे दर्ज कर करीब 89 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कई शराब ठेकों के लाइसेंस निरस्त किए गए। कई लोगों को शराब माफिया भी घोषित किया गया था। कस्बा जवां के रहने वाले मुख्य आरोपी ऋषि कुमार भी इनमें शामिल है। वर्तमान में ऋषि कुमार मैनपुरी जेल में है। पुलिस के अनुसार इस कांड में ऋषि पर कुल 11 मुकदमे दर्ज हुए और तीन गैंगस्टर दर्ज किए गए। इनमें थाना सिविल लाइंस में गैंगस्टर के मुकदमे को छोड़कर बाकी सभी मामलों में जमानत मिल चुकी है। ऋषि कुमार इस मामले में पिछले काफी समय से जमानत के लिए प्रयासरत है। इस प्रकरण में जमानत को लेकर हाईकोर्ट में मंगलवार को तारीख भी नियत है। इसको लेकर प्रशासन ने आरोपी पर रासुका की कार्रवाई प्रस्तावित की है। देर रात सिविल लाइंस थाने की विशेष टीम ने मैनपुरी जेल पहुंचकर रात करीब नौ बजे आरोपी ऋषि कुमार पर रासुका तामील करा दिया है।

## भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक, सांसद तथा भूतपूर्व आई.पी. एस. अधिकारी समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा किया गया वीडियो का लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नारी स्वाभिमान मिशन शक्ति के तहत लखनऊ के कुड़िया घाट के समीप स्थित नेहरू युवा केन्द्र के सभागार में राष्ट्रीय महिला दल (आर. एम. डी.) एवं वसुंधरा फाउन्डेशन फार हयूमेन्टी तथा उनके सहयोगी समाज सेवी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा अभिनित एवं कामाख्या प्रोडक्शन द्वारा निर्देशित / निर्मित वीडियो का लोकार्पण मुख्य अतिथि भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक, मा. सांसद श्री बृज लाल जी तथा भूतपूर्व आई.पी. एस. अधिकारी मा. समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री असीम अरूण जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला दल तथा वसुंधरा फाउन्डेशन फार हयूमेन्टी की अध्यक्ष डॉ. सरोज प्रसाद जी तथा कार्यक्रम का संयोजन महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में इन समाज सेवा संस्थाओं जैसे :– राष्ट्रीय महिला संस्थान की अध्यक्ष की श्रीमती कृष्णा सिंह, राधा चेरिटेबल अनुसंधान ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती संतोष तेवतिया, नई उड़ान की अध्यक्ष श्रीमती रीता पटेल, माध्यम सामाजिक संस्था की सचिव श्रीमती हेमा खत्री, तरोमा फाउन्डेशन की




सचिव श्रीमती प्रियंका चक्रवर्ती, लक्ष्य एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव श्री अनिल कुमार दुबे, अन्तर्राष्ट्रीय असहाय अनाथ आश्रय सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती मीना द्विवेदी, आशियाना वेलफेयर सोसाइटी की अध यक्ष श्रीमती कुमकुम निगम तथा त्रिनेत्र फाउन्डेशन की अध्यक्ष, श्रीमती ऊषा गोस्वामी द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस कार्यक्रम में सह संयोजक के रूप में सुश्री वंसुधरा प्रसाद, वीना गुप्ता, ममता भदौरिया, प्रतिभा शाही, लक्ष्मी सिंह, कनक श्री. पंखुरी नीरज, रितु अरोड़ा, ऋचा तेवतिया आदि उपस्थित रही है।

## मानव तस्करी गिरोह का खुलासा : छह गिरफ्तार : 11 किशोरों को छुड़ाया

लखनऊ ब्यूरो : नेपाल और बिहार से 11 किशोरों को दिल्ली ले जा रहे मानव तस्कर गिरोह का एंटी ह्यूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड लाइन व चिनहट पुलिस ने खुलासा किया। इन्हें दिल्ली के होटलों में काम करवाने के लिए बेचने की तैयारी थी। टीम ने सोमवार को चिनहट के ढाबे के पास से छह तस्करों को पकड़कर किशोरों को छुड़वाया। इन्हें चाइल्ड लाइन को सुपुर्द कर परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रभारी निरीक्षक चिनहट तेज बहादुर सिंह के मुताबिक, तस्करी की सूचना मिलने पर एंटी ह्यूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट व चाइल्ड लाइन की टीम ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे ढाबा एनएच–27 के पास घेराबंदी की गई। इसी बीच वहां पहुंची मोतीहारी से दिल्ली जा रही निजी बस की तलाशी में 10 से 12 वर्ष की उम्र के 11 किशोर मिले। मौके से मोतीहारी के पंडितपुर का सलाउद्दीन अंसारी, जाम खड़वा का अबू लैश, नेपाल के पिपरा भगवानपुर का महताब, मड़िया का मो. अशरफ अंसारी, जमालपुर मटिया का जमील अख्तर और बहरिया का इरशाद आलम पकड़ा गया। इन्हें जेल भेज दिया गया है। घरवालों को दिया अच्छी कमाई का लालच आरोपियों ने बताया कि वे झोपड़ पट्टी में रहने वालों को उनके बच्चों की शहर में अच्छी कमाई करवाने का लालच देते हैं। इसके बाद किशोरों को दिल्ली में होटल, ढाबा मालिकों के पास छह से 10 महीने बंधक रखकर मोटी रकम वसूलते हैं। इसके बाद बच्चों के परिजन को तय रकम दे देते थे। फोन पर ही तैयार की बच्चों को छुड़ाने की योजना चाइल्ड लाइन डायरेक्टर डां. संगीता शर्मा ने बताया कि एसएसबी की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी मनोज कुमार शर्मा बेतिया बिहार में तैनात हैं। वे इन दिनों छुट्टी पर लखनऊ आए हुए हैं। उनकी ओर से चाइल्ड लाइन लखनऊ को रविवार की



रात फोन आया कि मोतीहारी बिहार के 10–12 बच्चे बस से नई दिल्ली ले जाए जा रहे हैं। चाइल्डलाइन लखनऊ ने इसकी सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट लखनऊ के प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा को सूचना दी गई। आनन–फानन कॉन्फ्रेंस कॉल के जरिए बच्चों को छुड़ाने का मसौदा फोन पर ही तैयार किया गया। डॉ. संगीता शर्मा ने बताया कि इस दौरान हमें बस की लाइव लोकेशन मिल गई थी, टीम 12 बजे के करीब ही चिनहट थाना पहुंच गई थी, जहां से स्थानीय पुलिस का सहयोग मिला। बस को चिनहट चौराहे के पहले ढाबे के पास ही रोक लिया गया। तलाशी में 11 बच्चे मिले। सभी को बस से उतारकर पूछताछ की गई तो पता चला कि उनके साथ मौजूद व्यक्तियों को वे जानते ही नहीं। पड़ताल में सामने आया कि 11 में से 7 बच्चे नेपाल से। चार संदिग्ध व्यक्तियों में से दो नेपाल के थे, दो बिहार से थे। रेस्क्यू टीम में ये रहे शामिल मनोज कुमार शर्मा, अजय प्रकाश मिश्रा, डॉ. संगीता शर्मा, कांस्टेबल कृष्ण सिंह व योगेंद्र पाल यादव, विवेक शर्मा, कृष्ण प्रताप, शिवम वर्मा, ब्रजेश सिंह यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## भर व राजभर जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के मामले में प्रमुख सचिव समाज कल्याण तलब

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भर व राजभर जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के मामले में प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग को अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि हाईकोर्ट के 11 मार्च 2022 के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने जागो राजभर जागो समिति की अवमानना याचिका को सुनकर दिया है। याची ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2022 को प्रमुख सचिव समाज कल्याण को आदेश दिया था कि राजभर जाति को जनजाति का दर्जा दिए जाने के संबंध में उनका प्रत्यावेदन दो माह के भीतर केंद्र सरकार को अग्रसारित करें। आरोप है कि आदेश की प्रति तामील कराने के बावजूद दो माह से अधिक का समय बीत गया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण को नोटिस जारी करते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया मामला जानबूझकर आदेश की अवमानना का है। इसलिए प्रमुख सचिव नौ सितंबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताएं कि किन कारणों से उक्त आदेश का अब तक पालन नहीं किया जा सका।

## एएमयू पहुंची पुलिस की चिट्ठी : पूछा– क्यों नहीं हो रही सख्ती

अलीगढ़ ब्यूरो : अगस्त में परीक्षा देकर निकले छात्र पर हमला व फायरिंग मामले में जो सवाल अमर उजाला ने उठाया था, उस पुलिस ने भी मुहर लगा दी है। पुलिस का एक पत्र प्रॉक्टर कार्यालय पहुंचा है, जिसमें पूछा गया है कि आखिर आपके स्तर से उन 18 सुझावों पर क्या किया गया। अगर उन पर अमल किया तो फिर यह घटना कैसे हो गई। क्यों सख्ती नहीं की गई। साथ ही, एएमयू से पूछा है कि जरूरत पर एएमयू में पुलिस चेकिंग का क्या प्रावधान है। इसे लेकर क्या हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट की ओर से कोई प्रावधान है, जिसमें भीतर पुलिस विशेष चेकिंग के लिए प्रवेश कर सकती है या एएमयू का अपना कोई संविधान है। इससे भी अवगत कराया जाए। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में आपराधिक गतिविधियों से नाता नया नहीं है। अक्सर एएमयू में अपराधियों के छिपे होने और छात्र गुटों के बीच झगड़े में फायरिंग की घटनाएं होती रहती हैं। इन्हीं घटनाक्रमों को लेकर जून में पुलिस की ओर से एएमयू इंतजामिया को 18 सुझाव सुरक्षा के बिंदु पर भेजे थे। इसके बाद 6/7 अगस्त को फिर कैंपस के अंदर आपराधिक घटना हो गई, जिसमें परीक्षा देकर




निकले छात्रों के बैग से पिस्तौल तक निकली। ऐसे में सवाल खड़ा हुआ कि पुलिस के उन सुझावों पर क्या हुआ? पिस्तौल कैसे पहुंची? सूत्रों के अनुसार इसे लेकर अब पुलिस की ओर से फिर प्रॉक्टर को चिट्ठी भेजी है, जिसमें पूछा है कि आखिर पूर्व में भेजे गए 18 सुझावों पर क्या हुआ। अगर हुआ तो फिर यह घटना कैसे हो गई। – पुलिस की ओर से फिर एक पत्र प्राप्त हुआ है। अभी उस पत्र का अध्ययन नहीं हुआ है। अध्ययन करने के बाद ही यह कहा जा सकेगा कि उसमें क्या उल्लेख है और क्या पूछा गया है। उसके बाद उसका जवाब भी दिया जाएगा।–प्रो.वसीम अली, प्रॉक्टर एएमयू

# रायबरेली के होटल में घुसी बेकाबू कार : एक की मौत व कई घायल

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली की बछरावां कोतवाली क्षेत्र के बल्दीखेड़ा गांव के पास साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित इनोवा कार होटल में जा घुसी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। इनोवा चालक को राहगीरों ने पकड़ कर बगल में स्थित एक घर में बंद कर दिया लेकिन गृहस्वामी ने इनोवा चालक को किसी बाइक पर बैठाकर फरार कर दिया। बेकाबू इनोवा कार के होटल में घुसने से वहां भगदड़ मच गई। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रकाश नगर निवासी अनुराग वर्मा (25) महाराजगंज में ही एक मोटरसाइकिल के शोरूम में प्राइवेट नौकरी करता था। मंगलवार की सुबह वह स्कूटी से लखनऊ की ओर से बछरावां की ओर आ रहा था तभी थाना क्षेत्र के बल्दी खेड़ा गांव स्थित एक होटल पर रुक कर चाय पीने लगा। लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही बेकाबू इनोवा कार ने पहले साइकिल सवार को टक्कर मारी और उसके बाद होटल में जा घुसी। जिससे होटल में चाय पी रहा अनुराग वर्मा, होटल व्यवसाई कोतवाली क्षेत्र के सरौरा निवासी अशोक कुमार (65), साइकिल सवार दोस्तपुर निवासी मायाराम (52) गंभीर रूप से घायल हो गए। अनुराग वर्मा इनोवा कार के नीचे फंस गया। राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल



में इलाज के दौरान अनुराग वर्मा की मौत हो गई । अनुराग वर्मा की छः माह की बेटी के सिर से पिता का साया छिन गया। मायाराम के परिजन उसे सीधे लखनऊ ट्रामा सेंटर लेकर चले गए। मायाराम गल्ले का व्यवसाई है। मंगलवार को बछरावां की बाजार होने के कारण वह बानगी लेकर बछरावां बाजार जा रहा था। राहगीरों के मुताबिक हादसे के बाद इनोवा चालक कार से उतरकर भागने लगा तभी लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। कार चालक को पकड़ने के बाद घटनास्थल के बगल में स्थित लल्लू के सुपुर्द कर दिया गया कि पुलिस के आने के बाद उनको सौंप दिया जाएगा, लेकिन लल्लू ने उधर से जा रही किसी बाइक पर चालक के साथ बैठाकर फरार कर भगा दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है । दो घायलों का इलाज चल रहा है । एक की मौत हो गई है । तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा ।

# तीन वर्ष पूर्व लापता बेटी को पुलिस ने परिवारजनों से मिलाया

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : करौंदीकला थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती लगभग तीन वर्षो पूर्व लापता हो गयी थी।पूर्व में जिसकी शिकायत थाने में परिजनों ने दर्ज करवाई थी। इन तीन वर्षों में पीड़ित माँ अपने पुत्री की तलाश में जनपद के बड़े–बड़े अधिकारियों के चौखट पर दस्तक देती रही। वही इस थाने पर कई थानाध्यक्ष आए और चले गए, लेकिन एक लापता पुत्री को उसके माँ से मिलवाने के लिये किसी ने दिलचस्पी नही दिखाई।जब मौजूदा थानाध्यक्ष द्वारा कई लापता लोगो को ढूढ कर उनके परिजनों तक पहुचाने की खबर उस दुखियारी माँ को लगी।तब तीन वर्षों से लापता बेटी के तलाश की फरियाद लेकर थानाध्यक्ष मो0 अकरम खान के पास पहुंच गयी। थानाध्यक्ष मो0 अकरम खान ने पीड़ित माँ की फरियादों को सुना और उस तीन साल से दबी फाइल को भी खंगाला।जिसमें उस लापता बेटी की दास्तान लिखी थी।थानाध्यक्ष मो0 अकरम खान ने पीड़ित माँ को उसकी लापता बेटी से मिलवाने का आश्वासन देकर घर भेज दिया। खान के दिलो दिमाग में सिर्फ इंसानियत व कर्तव्य के निर्वहन का वो जज्बा उबाल मार रहा था, जिससे बिछड़े माँ–बेटी का मिलन हो जाए। जिसको लेकर अकरम खान ने अपने सारे सूत्रों को लगा दिया, जिससे लापता युवती मिल जाये और कुछ ही दिनों में ही उस लापता बेटी का पता चल गया।थानाध्यक्ष मो0 अकरम खान ने अपने मय हमराही सिपाहियों व महिला सिपाही के साथ मौके पर पहुंच कर सकुशल लापता बेटी बरामद कर उसके माँ से मिलवाया। जो तीन वर्षों से अपनी बेटी की एक झलक देखने को बेकरार थी।थानाध्यक्ष करौंदीकला मो0 अकरम खान की इस इंसानियत के कार्यों की चर्चा क्षेत्र में ब्याप्त है।

# प्रमुख सचिव लोक निर्माण नरेंद्र भूषण ने सामुदायिक केंद्र का किया निरीक्षण : स्कूल में चखा मिड डे मील

मेरठ ब्यूरो : प्रमुख सचिव लोक निर्माण और जिले के नोडल अधिकारी नरेंद्र भूषण मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के लिए पहुंचे। वह सबसे पहले खरखौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने लेबर रूम, ऑक्सीजन प्लांट व दवाओं के रखरखाव की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की। वह जिले के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण करने भी पहुंचे। मेरठ के खरखौदा में प्रमुख सचिव लोक निर्माण और जिले के नोडल अधिकारी नरेंद्र भूषण आज निरीक्षण करने जिले में पहुंचे हैं। खरखौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने लेबर रूम से लेकर ऑक्सीजन प्लांट, दवाओं व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के बाद प्रमुख सचिव ने गांव कैली में पंचायत भवन की लाइब्रेरी सभागार कक्ष सहित प्राथमिक विद्यालय सभी का निरीक्षण किया। इसेक साथ ही प्रमुख सचिव ने कक्षा चार में पढ़ने वाले कुछ छात्र छात्राओं से नौ का पहाड़ा भी



सुना। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के रसोईघर में बना मिड डे मील के मैन्यू के अनुरूप बनाया गया दाल चावल भी खाया। प्रमुख सचिव ने प्राथमिक विद्यालय में जल, शौचालय आदि की व्यवस्था परखी, जिस पर नोडल अधिकारी ने संतुष्टि जाहिर की।

# व्यापार उद्योग एवं कृषि की प्रगति से ही देश की प्रगति संभव – संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल 24 अगस्त को अपना 18वा स्थापना दिवस मना रहा है स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी लखनऊ में संगठन के प्रदेश कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा 18 दीपक जलाए गए तथा केक काटा गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी तथा संगठन को मजबूत करने एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा करने में अपना अमूल्य योगदान देने हेतु तथा संगठन को प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन बनाने की दिशा में सक्रिय योगदान देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस अवसर पर बोलते हुए कहा व्यापार ,उद्योग और कृषि की उन्नति से ही देश की उन्नति संभव है सरकार को इन तीनों क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारी वर्ग रोजगार देने का सबसे बड़ा माध्यम है छोटे से छोटा व्यापारी भी कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अवश्य देता है उन्होंने कहा भारत के परंपरागत व्यापार को बचाने के लिए सरकार को ठोस उपाय करने चाहिए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ने बताया की आदर्श व्यापार मंडल अपने 18वे स्थापना दिवस के अवसर पर कानपुर में व्यापारी अधिवेशन आयोजित कर रहा है उन्होंने बताया व्यापारी अधिवेशन में व्यापारी अपनी मांगो को केंद्रीय मंत्री के सामने मजबूती से उठाएंगे। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल,प्रदेश उपाध्यक्ष



अविनाश त्रिपाठी, पवन जयसवाल ,दीपक लंबा, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,नगर महामंत्री अमित अग्रवाल, राजीव शुक्ला, मोहित कपूर, अशोक भाटिया, संजय त्रिवेदी ,राजन मिश्रा, आशीष गुप्ता, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, मोहम्मद आदिल नरेंद्र शर्मा महेश गुप्ता पंकज अरोड़ा राधेश्याम शर्मा श्याम सुंदर अग्रवाल संजय टंडन हिमांशु रस्तोगी निलेश सोनकर आसिफ की दवाई डॉ साकेत चतुर्वेदी महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल, अंजलि मोरिया, वर्तिका शुक्ला, तृप्ति मिश्रा, पुनीता भटनागर प्रियम पांडे, प्रीति गुप्ता, रूपाली गुप्ता, रेनू सिंह आदि पदाधिकारी शामिल थे।

# सास की अर्जी पर बहू को घर से बेदखल नहीं कर सकते मजिस्ट्रेट : हाईकोर्ट इलाहाबाद

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के अपर सिटी मजिस्ट्रेट के सास की अर्जी पर बहू व बच्चों को घर से बेदखल करने के आदेश को सही नहीं माना। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट को यह अधिकार नहीं है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के तीन दिसंबर 21 को पारित आदेश को विधि विरुद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया है और कहा है कि पक्षकार विचाराधीन सिविल वाद में जारी निषेधाज्ञा आदेश को विखंडित करने की अर्जी दे सकते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर की खंडपीठ ने मेरठ की निवासी भारती गुप्ता की याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। याची की ओर से कहा गया कि पिछले 21 साल से मेरठ में अपने ससुर के घर में रहती रही है। मकान ससुर ने बनवाया है। उनकी 31 नवंबर 18 को मौत हो गई। उन्होंने कोई वसीयत नहीं की। उनके



पीछे उनकी पत्नी दो बेटों बहू के साथ रह रही थी। याची के पति विपक्षी के बड़े बेटे पंकज की कोविड के कारण 17 जनवरी 21 को मौत हो गई। इसके बाद याची को सास व देवर परेशान करने लगे तो उसने सिविल वाद दायर कर व्यादेश प्राप्त कर लिया। इसके बाद देवर की शह पर याची को बेदखल करने के लिए सास ने सीनियर सिटीजन एक्ट में अर्जी दी। जिस पर एसीएम ने बेदखली आदेश दिया था।

# ईडी ने कसा शिकंजा : प्रवर्तन निदेशालय ने माफिया मुख्तार अंसारी के साले समेत पांच को भेजा समन

प्रयागराज ब्यूरो : बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय प्रयागराज की टीम ने उसके करीबियों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ईडी की ओर से उसके साले आतिफ रजा समेत पांच को समन भेजा गया है। इसके जरिए उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्तार के जिन पांच करीबियों को समन जारी किया गया है, उनमें दो लखनऊ के और तीन गाजीपुर के हैं। इनमें से मुख्तार की पत्नी अफ्शा अंसारी का भाई आतिफ रजा लखनऊ के डॉलीबाग में रहता है। इसके अलावा माफिया के एक और बेहद करीबी शादाब अहमद का नाम भी इसमें शामिल है। वह लखनऊ के विभूतिखंड में रहता है। तीन अन्य लोगों में मुश्ताक खान, विक्रम अग्रहरि और गणेश दत्त मिश्रा हैं। यह सभी गाजीपुर के रहने वाले हैं। खास बात यह है कि मुख्तार के मददगारों पर शिकंजा कसने के क्रम में ईडी ने पिछले दिनों जिन नौ लोगों के ठिकानों पर छापा मारा था, उनमें इन पांचों का नाम शामिल है। ईडी ने गाजीपुर में पांच, लखनऊ में चार और दिल्ली में मुख्तार के मददगारों के तीन ठिकानों पर छापा मारा था। जहां से प्रॉपर्टी के अलावा बैंक स्टेटमेंट, पासबुक व अन्य चीजें बरामद की थीं। बरामद दस्तावेजों के बारे में पूछने पर वहां मौजूद लोग संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे। ऐसे में अब ईडी की टीम उन्हें बुलाकर पूछताछ करने और बयान दर्ज करने की तैयारी में है। पिछले साल दर्ज हुआ था केस ईडी ने पिछले साल जुलाई में मुख्तार के



खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसके लिए लखनऊ और मऊ में दर्ज मुकदमों को आधार बनाया गया था। इस मामले में उसके सांसद भाई अफजाल के अलावा सबसे बड़े भाई सिगबतुल्लाह अंसारी से पूछताछ की जा चुकी है। साथ ही उसके दोनों बेटों अब्बास व उमर अंसारी का भी बयान दर्ज किया जा चुका है। जल्द शुरू होगी संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई सूत्रों का कहना है कि मनी लांड्रिंग केस में ईडी की ओर से फिलहाल संबंधितों के बयान दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। यह वह लोग हैं जो या तो मुख्तार के बेहद करीबी हैं या उन पर मुख्तार की मदद करने संबंधी सबूत टीम के हाथ लगे हैं। बयान दर्ज करने की कार्रवाई लगभग पूरी होने को है। ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि जल्द ही मुख्तार की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई भी शुरू की जा सकती है।

# बेटी की शादी के लिए रखे 25 लाख के जेवर चोरी : कपड़ा कारोबारी की कोठी में चोरों ने की वारदात

आगरा ब्यूरो : आगरा की ओल्ड विजय नगर कॉलोनी में रविवार रात को कपड़ा कारोबारी रिषभ गुप्ता की कोठी से 26 लाख के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। इसमें 25 लाख रुपये के जेवर थे, जो कारोबारी ने बेटी की शादी के लिए खरीदकर रखे थे। सोमवार सुबह घटना की जानकारी हुई। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में दो चोरों की तस्वीर आ गई है। रिषभ गुप्ता की संजय प्लेस में दुकान है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को वह और पत्नी अलका एक कमरे में थे, जबकि दूसरे कमरे में मां काया देवी और पिता शैलेंद्र कुमार गुप्ता थे। बच्चे बाहर गए थे। इस कारण उनके कमरे पर ताला लगा था। इसी कमरे में अलमारी रखी हुई थी। सोमवार सुबह वह जागे तो सामान बिखरा देखा। डायनिंग हाल और कमरे का ताला टूटा था। अलमारी खुली पड़ी थी। नकदी और जेवरात नहीं थे। उन्होंने पुलिस को बुला लिया। आर्टिफिशियल जेवरात छोड़ गए कारोबारी रिषभ के अनुसार, अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये और 25 लाख के जेवरात ले गए। आर्टिफिशियल जेवरात छोड़कर चले गए। कारोबारी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय हुई है। यह जेवरात बेटी की शादी के लिए ही रखे हुए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि चोर मुख्य गेट के पास की दीवार कूदकर दाखिल हुए होंगे। इसके बाद डायनिंग हाल का ताला तोड़ दिया। अंदर आने के बाद बच्चों के कमरे के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। थाना हरीपर्वत के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आए चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जलजमाव से मच्छर बेलगाम : डेंगू रोकने का नहीं हैं इंतजाम

अलीगढ़ ब्यूरो : डेंगू के अब तक चार केस पुष्ट हो चुके हैं। मलेरिया का मच्छर भी डंक मारने को तैयार है, मगर शहर में गंदगी–जलजमाव के हालात देख यही कहा जा सकता है कि डेंगू–मलेरिया रोकने को कोई इंतजाम नहीं हैं। सबसे ज्यादा बुरे हालात उन इलाकों के हैं, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की सूची में संवेदनशील घोषित कर रखा है। शहर के बाईपास पर देवी नगला में जलजमाव से मच्छर पनप रहे हैं। यहां लोग प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मगर सुनवाई नहीं। शहर के सेंटर प्वाइंट एसबीआई तिराहा पर जहां दिन भर चाट–पकौड़ी के लिए लोग लाइन में लगे रहते हैं और जलजमाव के कारण मच्छरों से दो–चार होते हैं। जमालपुर अनूपशहर रोड पुलिस चौकी के पास भरा पानी भी बीमारियों को न्यौता दे रहा है। भुजपुरा व मदीना कालोनी में भी कूड़े के ढेर व जलजमाव बीमारियों का रास्ता खोल रहा है। नौरंगाबाद में कूड़े का ढेर लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। ये सभी वे इलाके हैं, जिन्हें संवेदनशील सूची में शामिल कर रखा है। पिछले वर्ष इन इलाकों में बीमारियां फैली थीं। उस्मानपाड़ा–सहजपुरा में मिला डेंगू का लार्वा जेएन मेडिकल कॉलेज में रविवार को जिन दो मरीजों को डेंगू की पुष्टि हुई है, उनमें एक शहर के उस्मानपाड़ा और दूसरा चंडौस के सहजपुरा का है। इन दोनों मरीजों के घरों व आसपड़ोस के घरों की सोमवार को हुई जांच में डेंगू का लार्वा पाया गया, जिसे टीमों ने मौके पर ही नष्ट कराया। साथ ही, घरों के अलावा मोहल्ले के लोगों जांच कर



सैंपल लिए और रक्त पट्टिकाएं बनाईं। बता दें कि रविवार को दो और मरीज मिलने के बाद जिले में अब डेंगू के चार मरीज हो गए हैं। रविवार रात दो मरीजों को डेंगू की पुष्टि के बाद सोमवार सुबह सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी के निर्देश पर डीएमओ राहुल कुलश्रेष्ठ की टीम ने शहर के उस्मानपाड़ा व चंडौस के सहजपुरा का सर्वे किया। सहजपुरा के दो घरों के चार पात्रों में डेंगू लार्वा मिला, जबकि उस्मानपाड़ा में भी मरीज के घर डेंगू का लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। इस दौरान टीमों ने 107 घरों में 127 से ज्यादा पात्र देखे और डेंगू के सैंपल लिए व रक्तपट्टिकाएं तैयार कराईं। डीएमओ ने फिर लोगों से साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

## बदायूं में पेड़ से टकराई कार : दर्दनाक हादसे में मां–बेटे समेत तीन की मौत : चार घायल

बदायूं ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए लोग खाटू श्याम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को



कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बदायूं जिले के दातागंज कोतवाली इलाके में सोमवार रात गनगोला पुलिया के नजदीक एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें प्रियांक (26) पुत्र गोरे सिंह, रुचि (28) पत्नी प्रशांत सिंह और उनके पांच वर्षीय बेटे शशांक की मौत हो गई। इसमें चार लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि सभी एक ही परिवार के लोग हैं। यह दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर के रहने वाले थे। सभी लोग सोमवार रात खाटू श्याम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें देवर, मां और बेटा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सभी के शव पोस्टमार्टम को भेजे गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह का हुआ स्वागत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं बल्दीराय प्रमुख शिवकुमार सिंह ने किया स्वागत। परिवहन मंत्री ने हर जिले में दो दो नई बसें चलवाने की कही बात। पुरानी बसों



कायाकल्प कर चलवाई जा रही बसें। शिवकुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिये और बसों का चलवाने का किया अनुरोध। हलियापुर स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किया स्वागत।इस मौके पर मोदित सिंह,अखिलेश सिंह कल्लू,श्याम प्रीत,सचिन मिश्रा, शुभम सिंह,धर्मेंद्र सिंह व विकास सिंह सहित कई लोग रहे मौजूद।

## सीडीओ के निरीक्षण में नदारद मिले विभागीय अधिकारी व कर्मचारी : रोका वेतन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्वान्ह 10:05 बजे जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया




गया। निरीक्षण के दौरान विकास चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना, अरूण देव सिंह, जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी एवं वी0पी0 वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपस्थित पाये गये। इसके अतिरिक्त श्री श्रवण कुमार त्रिपाठी, प्र0स0 एवं आलोक मिश्र, व0स0, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, श्री अजय कुमार मौर्या, आकड़ा विश्लेषक एवं श्री राम केवल वर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय तथा सूरज कुमार यादव, क0आ0, सैय्यद रजा इमाम, क0आ0 एवं श्री सन्तोष कुमार, क0आ0, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय अनुपस्थित पाये गये। समस्त अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का आज का वेतन अदेय करते हुये स्पष्टीकरण माँगा गया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।